पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

भारत स्काउट एण्ड गाइड की स्थापना दिवस पर संगठन के पदाधिकारियों ने राज्यपाल को सम्मानित किया

प्रदेश के स्काउट और गाइड में विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाएं

प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तित्व का निर्माण करने की दिशा में बच्चों को प्रशिक्षित करें

बच्चों को शैक्षिक भ्रमण कराएं

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ 07 नवम्बर, 2022

भारत सरकार एण्ड गाइड की स्थापना दिवस के अवसर पर आज संगठन के प्रादेशिक पदाधिकारियों ने राज्यपाल से भेंट कर उन्हें गाइड स्कार्फ एवं बैज लगाकर तथा झण्डा भेंटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कहा कि प्रदेश की जनसंख्या को दृष्टिगत रखते हुए स्काउट और गाइड में विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ायें। उन्होंने कहा कि संगठन अपने प्रशिक्षण में ऐसी गतिविधियां शामिल करें, जिससे प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तित्व का निर्माण हो और देश को सुदृढ़ नागरिक प्राप्त हों।

इसी क्रम में राज्यपाल जी ने चर्चा करते हुए संगठन के बच्चों को शैक्षिक भ्रमण कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि विविध स्थलों, अभ्यारणों पर बच्चों को ले जाएं। उन्हें भ्रमण स्थल की ऐतिहासिक और भौगोलिक तथा स्मरणीय तथ्यों की जानकारी भी दें। इसके साथ ही राज्यपाल जी ने बच्चों को भ्रमण उपरान्त उनसे अनुभव लिखवाने का सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों में

निरीक्षण की क्षमता का विकास होता है और वे आगे चलकर एक जिम्मेदार अधिकारी हो सकते हैं। उन्होंने बच्चों को जेल भ्रमण कराकर कानून और व्यवस्था की जानकारी कराने, देश की समस्याओं की जानकारी कराने को भी कहा।

राज्यपाल जी ने विविध स्कूलों से भेंट के लिए आए बच्चों से उनके स्काउट और गाइड पद स्तर, स्कूल और कक्षा की जानकारी भी ली। सबसे छोटी कक्षा से आयी बुलबुल गाइड बालिका ने भेंट के दौरान राज्यपाल जी को गाइड में गाया जाने वाला चरित्र निर्माण सम्बन्धी गीत भी सुनाया। राज्यपाल जी ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत दानपात्र में संगठन को दान प्रदान किया।

इस अवसर पर भारत स्काउट एण्ड गाइड, उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक मुख्यायुक्त डा0 प्रभात कुमार ने राज्यपाल जी की स्काउट एण्ड गाइड की विविध गतिविधियों, बच्चों के शिक्षणेत्तर ज्ञान संवर्द्धन की प्रतियोगिताओं, संगठन द्वारा टूर आयोजनों और सेवा कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये भारत का गैर राजनीतिक, गैर साम्प्रदायिक अनुशासनबद्ध तथा निर्धारित ड्रेस कोड में रहने वाला संगठन है।

बैठक में भारत स्काउट एण्ड गाइड, उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक आयुक्त स्काउट, प्रादेशिक आयुक्त गाइड, प्रादेशिक संगठन आयुक्त सहित अन्य पदाधिकारी, स्काउट एवं गाइड बालक एवं बालिकाएं तथा अन्य उपस्थित थे।

सीमा गुप्ता–सूचना अधिकारी
8318116361
चन्द्र विजय वर्मा–सूचना अधिकारी
9044381834

राजभवन उत्तर प्रदेश

राजभवन उत्तर प्रदेश